
# अशोक नगर

नवभारत

भोपाल,बुधवार, 3 सितंबर, 2025



**चंदेरी के महाराजा बने आकर्षण का केंद्र**

**नवभारत न्यूज चंदेरी।** नगर में इस समय गणेश उत्सव की धूम है, जिसके चलते शहर में कई स्थानों पर गौरी पुत्र गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गई । तो वहीं नगर के सबसे व्यस्ततम चौराहे दिल्ली दरवाजे पर बप्पा का दरबार सजाया गया है । जहां पर चंदेरी के महाराज के नाम से भगवान श्री गणेश का विराजित किया गया है । वहीं यह झांकी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई, क्योंकि भगवान श्री गणेश के मुकुट पर चंदेरी के महाराजा का ताज लगा हुआ है जोकि आकर्षण का केंद्र है जिसे दिल्ली दरवाजा कमेटी के द्वारा बनाया गया। वहीं श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घर में छोटी प्रतिमा के रूप में भगवान श्री गणेश जी को विराजमान किया है। और भक्ति भाव से पूरी आराधना भगवान श्री गणेश की पूजन अर्चन की जा रही है।

# जिले में गणेश उत्सव की धूम, बप्पा के दर्शन करने उमड़ रहे श्रद्धालु

## पंडालों में हो रहे सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** दस दिवसीय गणेश उत्सव के दौरान महाराष्ट्र समाज द्वारा स्थानीय माधव भवन में विभिन्न खेल, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार रात समाज की महिलाओं एवं बच्चों ने चेयर रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। यह प्रतियोगिता सीनियर जूनियर दो वर्गों में की गई। इसके प्रायोजक अभय खैर संयोजक पंकज जाधव, गौरव सुर्वे थे। जूनियर ग्रुप में बच्चों की चेयर रेस के अलावा सीनियर ग्रुप में महिलाओं की रेस में अंतिम समय तक कड़ा मुकाबला रहा। एक कुर्सी और दो महिलाएं पहनी नजर बनाए हुए थी जैसे ही बैठने का समय आया तो जीतने वाली महिला तथा सेकंड



रनअप ने हाथ में कुर्सी उठा ली,विजेता महिला को सभी उपस्थित समाज की महिलाओं ने बधाई दी। महाराष्ट्र समाज के अध्यक्ष प्रमेंद्र तायडे ने दोनों वर्ग में विजेताओं को बधाई देते हुए कहां की धार्मिक कार्यक्रमों में भी समाज के लोगों की खेल,सांस्कृतिक गतिविधियों से उत्साह का माहौल बन जाता है,और उनका हौसला बढ़ता है। जिससे वह अपने प्रदर्शन को और बेहतर कर सके। चेयर रेस प्रतियोगिता मिनी में वायुष जोशी विजेता, जूनियर में भावुक अन्बेकर विजेता, सीनियर महिलाओं में सोनिया लाड़ विजेता, सीनियर पुरुषों में मनोहर चौहान विजेता रहे। गणेश उत्सव के दौरान आज व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके संयोजक कल्पना मरुमकर की स्मृति में पवन लाड़,संयोजक सोनिया लाड़, दीक्षा सुर्वे रहेगी। वहीं प्रतियोगिता में चेयर रेस जूनियर प्रतियोगिता में हेतवी जाधव, समृद्धि शिंदे, भूमि रजक, मृगांका भंवर, आराध्या जोशी, भावुक अन्बेकर, विजेता युग तांबे, सार्थक जोशी आदि ने भाग लिया।

## विमान पर विराजमान हुए गणपति, किया नगर भ्रमण

नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा।** गणेश चतुर्थी पर शाढ़ौरा नगर में धार्मिक उल्लास और आस्था का माहौल देखने को मिला। गणेश मंदिर से भगवान गणेश का विमान मुख्य मार्ग से होते हुए नगर भ्रमण पर निकला। इस दौरान श्रद्धालुओं ने रंग-बिरंगी रंगोली बनाकर गणपति बप्पा की आरती उतारी। विमान जैसे-जैसे नगर के मुख्य मार्ग से गुजरा, जगह-जगह भक्तों ने गणेश जी का फूल-मालाओं और आरती से स्वागत किया। वातावरण च्गणपति बप्पा मोरयाज् के जयकारों से गूंज उठा। महिलाओं और बच्चों ने भी विशेष रूप से भागीदारी निभाते हुए रंगोली सजाई और दीप प्रज्वलित किए। नगर में निकले इस धार्मिक आयोजन ने गणेश उत्सव को और भव्य बना दिया



# कच्ची शराब के साथ अधेड़ महिला गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। देहात थाना पुलिस ने अवैध शराब बिक्री की कोशिश कर रही एक अधेड़ महिला को गिरफ्तार किया है। महिला के पास से हाथ भट्टी की बनी करीब 10 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत लगभग 1500 रुपये बताई जा रही है।** जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक राजकुमार कुशवाह पुलिस टीम के साथ कस्वा भ्रमण पर थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि विवेकानंद स्कूल के पास शंकर कॉलोनी में एक महिला प्लास्टिक की केन में कच्ची शराब बेचने के इरादे से खड़ी है। सूचना की तस्दीक पर पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां एक महिला सफेद रंग की प्लास्टिक केन हाथ में लिए खड़ी दिखाई दी। पुलिस को देखकर महिला वहां से भागने का प्रयास करने लगी, लेकिन महिला आरक्षक बेबी रोशनी की मदद से उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में महिला ने शंकर कॉलोनी का निवास बताया। वहीं पुलिस ने जब्त केन का ढक्कन खोलकर देखा तो उसमें हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब करीब 10 लीटर पाई गई। देहात थाना पुलिस ने उक्त महिला के खिलाफ धारा 34 आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# लूट मची है चारों तरफ और हम लूट रहे हैं : राय

## जिले की विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव, सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार में चारो तरफ लूट मची है और हम लोग लूट रहे है यह बात क्षेत्रीय विधायक हरिबाबू राय ने जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन और कलेक्ट्रेट घेराव के दौरान कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहीं। दरअसल मंगलवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा जिले के विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव करते हुए एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। जिसमें उन्होंने किसानों से लेकर अन्य समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार का कार्य नहीं हो रहा है। जहां मैने अतिक्रमण का मुद्दा विधानसभा में उठाया तो प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के नाम पर यहां वहां जरीब डाल दी, लेकिन कोई अतिक्रमण नहीं हटाया गया। यह जमीन थोड़ी बहुत नहीं बल्कि करीब 300 वीघा जमीन है। जिस पर भूमाफियाओं द्वारा कब्जा कर बेचा जा रहा है। इस जमीन के आसपास स्कूल सहित छात्रावास है, जिसके चलते इस जमीन का उपयोग किसी अच्छे कार्य के लिए किया जाता है, लेकिन प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि शहर में कई कालोनिया है, जहां पर लोगों मूलभूत सुविधाएं मिलना चाहिए थी, लेकिन कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा रहीं है और वहां पर कीचढ़ उत्पन्न हो रहा है। जिसके कारण बच्चों को स्कूल आने जाने में परेशानी उठानी पड़ रहीं है। वहीं उन्होंने गरीब रथ कालोनी का उदाहरण देते हुए बताया कि इस कालोनी की महिलाएं जागरूक है, जो अपने अधिकार के लिए सड़क पर बैठ जाती है, लेकिन सड़क पर बैठने के बाद सिर्फ उनकी बंद बिजली चालू हो जाती है, लेकिन अन्य कोई कार्य अभी तक नहीं हुआ है।

### जिलाध्यक्ष ने पटवारी तहसीलदार को दी चेतावनी, गलत काम की मिलेगी सजा

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेंद्र बलवीर कुशवाह ने जिले के पटवारी तहसीलदार पर निशाना साधते हुए कहा कि जो नपतियां हो रहीं है, वह गलत तरीके से हो रहीं है। उन्हें इन गलत नापतियों सजा जरूर मिलेगी, इसके लिए हमारे कार्यकर्ता लगे हुए। इसके अलावा शाढ़ौरा में विकास न होने और पीएम आवास योजना में धांधली को लेकर सीएमओ को चेताया गया। वहीं प्रदर्शन में चंदेरी के पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान, यादवेंद्र सिंह यादव, ब्लॉक अध्यक्ष सचिन शर्मा सहित अन्य नेताओं ने भी अपनी-अपनी बात रखी।

# डोल ग्यारस आज, सभी मंदिरों के निकलेंगे विमान

**सभी समाजों द्वारा निकाले जाते हैं विमान**

**दिनभर रहेगी शहर में श्रद्धालुओं की धूम**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। डोल ग्यारस, जल झूलनी एकादशी के अवसर पर शहर में श्रीजी विमानो में सवार होकर शहर भ्रमण करते हुए तुलसी सरोवर पहुंचेगे, जहां पर भगवान को भोग लगाने के साथ ही स्नान कराया जाएगा। तो वहीं डोल ग्यारस पर्व निकाले जाने वाले विमानो को लेकर जहां पुलिस अधीक्षक द्वारा एक दिन पहले रूट की पड़ताल की गई। तो वहीं शहरवासियों वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की गई है।** उल्लेखनीय है कि शहर में डोल ग्यारस का पर्व भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाता है। जिसके चलते डोलों को देखने के लिए शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग पहुंचते है। जहां पहले शहर के विभिन्न मंदिरों पर डोलों में भगवान को विराजमान कर भक्तिभाव के साथ सभी विमान गंज स्थित मंदिर पहुंचते है, जहां से एक के बाद एक विमान शहर में भ्रमण करते हुए पछाड़ी खेड़ा तालाब पर पहुंचते है, जहां पर भगवान को विहार कराया जाता है।


वस्त्र मंत्रालय
MINISTRY OF TEXTILES
सत्यमेव जयते

MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025
इन्वेस्ट मध्यप्रदेश

भारत का सबसे बड़ा
'पीएम मित्र' पार्क धार, मध्यप्रदेश

माननीय प्रधानमंत्री जी का 5एफ विज़न
फार्म टू फाइबर; फाइबर टू फैक्ट्री; फैक्ट्री टू फैशन; फैशन टू फॉरेन
कम्पलीट वैल्यू चैन @ वन डेस्टिनेशन

निवेश संभावनाओं पर
इंटरैक्टिव सेशन



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

गरिमामयी उपस्थिति

डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

गिरिराज सिंह
केन्द्रीय मंत्री, कपड़ा मंत्रालय

3 सितम्बर 2025 I अपराह्न 2:30 बजे I होटल आईटीसी मौर्य, नई दिल्ली

निवेश के लाभ
- 2,158 एकड़ विकसित औद्योगिक भूमि
- आकर्षक प्रोत्साहन नीतियां
- डेवलपमेंट चार्ज @ ₹120/वर्ग फुट
- लैंड प्रीमियम @ ₹1/वर्ग मी.
- पावर @ ₹4.5/यूनिट
- वॉटर @ ₹25/किलोलीटर

भूमि आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित
अंतिम तिथि :
11 सितम्बर 2025 (शाम 6:00 बजे)
वेबसाइट पर विजिट कर आवेदन करें :
invest.mp.gov.in

D11093/25

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

स्वदेशी अभियान - विकास की नई पहचान